तिथि:

*निर्देशक*
**pragya's** गुरुकुल
# २६३/सी
रोड़ संख्या:१, अशोक नगर
राँची - ८३४ ००२
झारखंड

<u>विषय: वाहन-चालक पद के हेतु आवेदन।</u>

महोदया

मुझे ज्ञात हुआ है कि आपके प्रतिष्ठान को, शैक्षणिक-सत्र २०१६-१७ के लिये, छोटे (छह वर्ष से कम आयु के) बच्चों के साथ कार्य करने में अभ्यस्त वाहन-चालकों की तलाश है। इस संदर्भ में उपरोक्त रिक्त पद हेतु, मेरा आवेदन स्वीकार करने की कृपा करें।

मैं, ______________________________, यू०आई०डी० (आधार) संख्या: ______________, विगत: _____ (शब्दों में) वर्षों से वाहन चलाने में अभ्यस्त हूँ, और छोटे (छह वर्ष से कम आयु के) बच्चों के साथ कार्य करने में पूणत: निपुण हूँ। मैं मासिक ₹ ______________________ ______________________________ (अक्षरों एवं शब्दों में) के पारितोषिक पर, आपके संस्थान को अपनी सेवाएँ प्रदान करने को इच्छुक हूँ। इस आवेदन-पत्र के साथ मेरे *ड्राइविंग-लाइसेंस* तथा *यू०आई०डी०* (आधार) कार्ड की एक प्रतिलिपी एवं मेरे छायाचित्र की तीन प्रतियाँ संलग्न पाने की कृपा करें।

आपके विद्यालय की *प्राध्यापिका* ने मुझसे आपके संस्थान की प्रतिष्ठा एवं कार्य-शैली तथा उसके अंतर्गत मेरी जिम्मेदारियों पर मुझसे विस्तारपूर्वक चर्चा की है। मैं उक्त संस्थानात्मक ढाँचे में कार्य करने को पूर्णत: सहमत हूँ, और उपरोक्त उत्तरदायित्व का निर्वाह कर पाने के प्रति आश्वस्त हूँ।

मैं यह घोषणा करता हूँ कि आज तक किसी भी प्रकार के फौजदारी (विशेषकर बच्चों से संबंधित) कारवाई में मेरी कोई संलिप्तता नहीं रही है।

आपका विश्वासपात्र

*निवेदक के हस्ताक्षर*

<u>संलग्न:</u>

*१० ड्राइविंग-लाइसेंस की एक प्रतिलिपी*
*२० यू०आई०डी० (आधार) कार्ड की एक प्रतिलिपी*
*३० छायाचित्र की तीन प्रतियाँ*